Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to check the quality of electrification work in villages in Hardoi district, Uttar Pradesh.

डॉ. अंशुल वर्मा (हरदोई) ः मैं माननीय ऊर्जा मंत्री जी के संज्ञान में लाना चाहता हूँ कि आर.जी.जी.वाई जो वर्तमान में पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के नाम से मानी जाती है, के अंतर्गत ग्यारहवीं व बारहवी योजना से सम्पूर्ण उ.प्र. सहित जनपद हरदोई के बारहवीं योजना के 4487 व ग्यारहवीं योजना के 1653, लागत 295.89 करोड़ रूपये से मैसर्स नागार्जुन कांस्ट्रेक्शन कम्पनी लिमिटेड हैदराबाद द्वारा कार्य कराया जा रहा है, जो 827 गांवों का कार्य पूर्ण करा चुकी है, जिनके कराये गये कार्यों की गुणवत्ता पर प्रश्न उठता है कि कोई भी कार्य मानक के अनुसार नहीं कराये जा रहे हैं। मेरे द्वारा व जिलाधिकारी द्वारा गठित प्रशासनिक अधिकारियों की कमेटी के द्वारा की गयी जांच में गुणवत्ता बहुत ही खराब पायी गयी, और किसी भी गांव में भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के साइनबोर्ड स्थापित नहीं पाये गये।

मैं माननीय ऊर्जा मंत्री जी से अनुरोध करता हूँ कि जनपद हरदोई में कराये गये कार्यों की गुणवत्ता की जांच की जाये, तथा भारत सरकार की इस योजना के द्वारा चयनित गांवों में साइनबोर्ड/शिलापट्ट लगाकर जनप्रतिनिधियों द्वारा शिलान्यास व लोकार्पण की व्यवस्था करायी जाये, ऐसी मेरी माननीय ऊर्जा मंत्री जी से मांग है कि मानक के अनुरुप काम न करने वाली कार्यदायी संस्था व प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाये।